कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कानपुर देहात
निविदा सूचना

माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश दिनाँकित 28.03.2023 के अनुपालन में जनपद न्यायालय कानपुर देहात के न्यायिक अधिकारी आवासीय परिसर स्थित 120 अमरुद के वृक्षों के बाग को वित्तीय वर्ष 2023-2024 में ठेके पर उठाये जानें हेतु दिनाँक 27.04.2023 को समय 04.00 बजे जनपद न्यायालय स्थित मीटिंग हॉल में कार्यवाही सम्पादित की जावेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति नीलामी प्रकिया में खुली बोली में उपस्थित होकर भाग ले सकते हैं।

निविदा की शर्ते व नियम

1: उपरोक्त 120 अमरुद के वृक्षों के बाग की बोली में सम्मिलित होनें से पहले धरोहर में रु0 10000/- नजारत अनुभाग में कैशियर के पास जमा करनी होगी। प्रारम्भिक बोली पिछले वित्तीय वर्ष की नीलामी धनराशि में 10 प्रतिशत की बढोत्तरी करते हुए रु0 33000/- से प्रारम्भ होगी।

2: प्रकिया में भाग लेने वाले व्यक्ति को कभी किसी न्यायालय नें दण्डित न किया हो।

3: स्वीकृति के उपरान्त भागीदार जिसकी बोली नीलामी हेतु स्वीकृत होगी, को सम्पूर्ण धनराशि का 1/4 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि दो दिवस के भीतर जमा करनी होगी।

4: स्वीकृति के उपरान्त उपरोक्तानुसार धनराशि न जमा करनें पर जमानत राशि रु0 10000/- राज्य सरकार के पक्ष में स्वतः जब्त समझी जाएगी।

5: नीलामी की अन्तिम स्वीकृति जनपद न्यायाधीश महोदय, कानपुर देहात द्वारा की जायेगी।

6: नीलामी बिना कोई कारण बताये स्थगित या अस्वीकृत भी की जा सकती है।

7: उपरोक्त 120 अमरुद के वृक्षों के बाग के उपयोग की अवधि दिनाँक 31.03.2024 को स्वतः समाप्त हो जायेगी तथा उसके बाद तुरन्त सम्बन्धित अध्यासी द्वारा अमरुद के बाग का अध्यासन केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय कानपुर देहात को हस्तगत किया जायेगा।

सूचना आज दिनाँक 20.04.2023 को समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण के हस्ताक्षर से जारी की गयी।

(हस्ताक्षर)	(हस्ताक्षर) 20/4/23	(हस्ताक्षर)
सुश्री जयति चन्द्रा	श्रीमती अलंकृता शक्ति त्रिपाठी	रवि यादव
सदस्य नीलामी समिति/ अपर सिविल जज क0वर्ग/एफ0टी0सी0 कानपुर देहात 20.04.2023	सदस्य नीलामी समिति/ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कानपुर देहात 20.04.2023	अध्यक्ष,नीलामी समिति/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं004 कानपुर देहात 20.04.2023